>

Title: Need to provide financial aid to the families of people died in Stampede in Pratapgarh district in Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय को शून्य प्रहर में उठाने की अनुमति दी। ...(व्यवधान) यह सदन इस बात का गवाह है कि जिस दिन उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जनपद के मनगढ़ में कृपालु महाराज जी के आश्रम में हृदयविदारक घटना घटी, ...(व्यवधान) आपने स्वयं उस पीठ से 65 लोगों की मृत्यु पर पूरे सदन में एक शोक प्रस्ताव रखा। ...(व्यवधान) उस शोक प्रस्ताव में पूरे सदन के सम्मानित सदस्य इस बात पर सहमत थे कि शायद इस देश में कदाचित लापरवाही और उदासीनता की इससे बड़ी घटना नहीं हो सकती। ...(व्यवधान) आज उत्तर प्रदेश की सरकार 65 मृतक लोगों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने की बात पर कह रही है कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश के जिन परिवारों में लोगों की मृत्यु हुई है, उनके आश्रितों को राज्य सरकार ने अभी तक आर्थिक सहायता नहीं दी है। ...(व्यवधान) जबकि भारत के प्रधान मंत्री ने इसी सदन में महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर कहा कि मृतक के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और 50-50 हजार रुपये घायलों की सेवा के लिए दिये हैं। ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Only what Shri Jagdambika Pal says will go on record and nothing else will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री जगदम्बिका पाल : राज्य सरकार की संवेदनशीला, शून्यता की पराकाष्ठा है कि अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार ने मनगढ़ की घटना के लिए कौन जिम्मेदार है ...(व्यवधान) उनकी जवाबदेही भी तय नहीं की है। ...(व्यवधान) प्रशासन के लोग कहते हैं कि उस आश्रम के लोग जिम्मेदार हैं और आश्रम के लोग कहते हैं कि प्रशासन के लोग जिम्मेदार हैं लेकिन अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ...(व्यवधान) 65 लोगों की मृत्यु हुई। वहां ढाई घंटे तक न तो कलैक्टर गये, न पुलिस कप्तान गये और न ही कोई क्राइसेज मैनेजमैंट का काम हुआ। ...(व्यवधान) एक साथ मां-बेटे की चिता जलायी गयी। ...(व्यवधान) ऐसे तमाम गांव ,हैं जिनमें आज कोई बच्चा नहीं बचा। ...(व्यवधान) उन गांवों की गलियों में बच्चों के कोलाहल आज दब चुके हैं। ...(व्यवधान)

पूरे इलाके में लोगों के बीच इस घटना को लेकर जिस तरीके से शोक है, जिस तरीके से नदी के किनारे एक साथ बड़ी तादाद लोगों की लाशों को चिताओं पर जलाया गया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि राज्य सरकार की आर्थिक स्थिति ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

12.10 hrs.

At this stage Shri Lalu Prasad and some

other hon. Members came and stood on the floor near the Table

12.10Â¼ hrs.

At this stage Shri Mulayam Singh Yadav and some

other hon. Members came and stood on the floor near the Table

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि राज्य सरकार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। अभी तक न तो किसी प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई की गयी, न तो आश्रम के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गयी है। आज एक तरफ उत्तर प्रदेश में पार्कों के लिए 4,500 करोड़ रूपए खर्च हो सकते हैं, पार्कों में मूर्तियों के लिए, स्मारकों के लिए जिस तरह से उत्तर प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा खर्च हो रहा है, मैं उसकी निन्दा करता हूं...(व्यवधान) और राज्य सरकार की भर्त्सना करता हूं। ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

12.11 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

14.00 hrs.

The Lok Sabha reassembled at Fourteen of the Clock

(Mr. Deputy Speaker in the Chair)

14.0Â¼ hrs.

At this stage Shri Mulayam Singh Yadav and some

other hon. Members came and stood on the floor near the Table

â€¦..(Interruptions)